कार्यालय कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–208002

संख्याः 1033 / अदम / परी0परामर्श / 2025 दिनांकः सितम्बर 24, 2025

सूचना पत्र

कृपया अवगत कराना है कि तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय द्वारा समस्त **"परीक्षण एवं परामर्श कार्य"** विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hbtu.ac.in पर उपलब्ध Testing & Consultancy portal के माध्यम से अथवा सीधे https://erp.hbtu.ac.in link के माध्यम से किये जाने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त के दृष्टिगत विश्वविद्यालय से परीक्षण एवं परामर्श कार्य हेतु संबंधित सभी सरकारी / गैर सरकारी विभाग (बेण्डर / अनुरोधकर्ता / client) को प्रथम बार इस हेतु पोर्टल पर अपना Login & Passward बनाना होगा। तद्पश्चात पोर्टल पर लॉगिन करते हुए कार्य का संक्षिप्त वर्णन एवं अनुरोध पत्र upload किया जाना होगा। इसके आगे की सभी प्रक्रिया (जैसे कि performa bill प्राप्त करना, अनुमोदन के उपरान्त शुल्क जमा करना एवं कार्योपरान्त Report प्राप्त करना) इस पोर्टल के माध्यम से ही सम्पन्न की जाएगी। प्रक्रिया संबंधी किसी प्रकार की कठिनाई की स्थिति में पोर्टल पर उपलब्ध उपयोगकर्ता पुस्तिका (User guidelines) देखी जा सकती है।

उक्त व्यवस्था से इतर विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षण एवं परामर्श संबंधी कार्य अमान्य है। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा पोर्टल से इतर अन्य किसी माध्यम से परीक्षण एवं परामर्श कार्य किया जाता है या परीक्षण एवं परामर्श आख्या निर्गत अथवा प्राप्त की जाती है तो वह विधि विरूद्ध होगी और ऐसी स्थितियों में विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम 2016 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी।

\

(अमित कुमार राठौर)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः
1 विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2 समस्त अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / अनुभाग प्रभारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3 अधिष्ठाता, योजना एवं स्रोत जनन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4 वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5 संबंधित सरकारी / गैर सरकारी विभाग / बेण्डर / अनुरोधकर्ता।
6 गार्ड फाइल।

24/9/25

(अमित कुमार राठौर)
कुलसचिव